दैनिक नवज्योति

BOTTOM | NEWS

ऐश्वर्या कॉलेज में खेलकूद सप्ताह का आगाज

स्पोर्ट्स वीक के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

जोधपुर/नवज्योति। ऐश्वर्या कॉलेज की वार्षिक खेलकूद गतिविधियों का आगाज शनिवार को उत्तर पश्चिम रेलवे स्टेडियम जोधपुर में क्रिकेट व टग ऑफ वार प्रतियोगिता से हुआ। कॉलेज के स्पोर्ट्स संयोजक नवीन जोशी ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक वर्ष खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है परन्तु कोविड महामारी के कारण पिछले दो वर्षों में यह आयोजन नहीं किये जा सके, जिन्हें इस वर्ष पुनः आयोजित करवाया जा रहा है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ कर खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलकूद का विद्यार्थी जीवन के सर्वांगीर्ण विकास हेतु अत्यन्त आवश्यक है। खेलकूद से विद्यार्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से ज्यादा सक्षम बनते हैं तथा टीम भावना से काम करने को प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक गतिविधियों में प्रतिभागिता करनी चाहिय। कल्चर कमेटी के संयोजक बसन्त कल्ला ने बताया कि अगले सप्ताह खेलकूद के साथ-साथ सिंगिंग, डांसिंग, स्किट, पोयेटरी जैसी प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।